हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 शासकीय महाविद्यालय की 18 एकड़ भूमि से ...



12 छात्र- छात्राओं ने सीखी आर्द्रभूमि संरक्षण ...








## खबर संक्षेप



### रक्तदाता दिवस पर युवाओं ने किया ब्लड डोनेट

**हिरमी रावण।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मानवता की मिसाल पेश करते हुए कुलदीप यदु एवं यशवंत ध्रुव ने एक जरूरतमंद बहन के लिए रक्तदान किया। कुलदीप यदु ने अपना 19वां रक्तदान कर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई, वहीं यशवंत ध्रुव ने दूसरी बार रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज की सहायता की।रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देना चाहिए। उनके इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

### सैंपल लेते टार प्रोडक्ट में लगी आग

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल क्षेत्र में संचालित एक टार प्रोडक्ट कंपनी में सैंपल लेने के दौरान शनिवार को आग लगने की घटना हुई है। आग से एक कर्मी झुलस गया, जिसे अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। आग लगने की घटना पोरवाल कंपनी में सैंपल लेने के दौरान हुई। बताया जा रहा है सैंपल लेने के समय वॉल बंद नहीं होने से माल बह जाने से आग लगी। गर्म माल ऑक्सीजन के संपर्क मे आने से सेल्फ इग्नीशन हो गया, जिसके कारण आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

### युवक पर कैंची से जानलेवा हमला

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट कर कैंची से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निजी कंपनी में सर्वे का काम करने वाला गुढ़ियारी निवासी विवेक लहरे ने हर्षदीप सिंह गिल उर्फ गबरू, हैप्पी बुट्टर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विवेक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात वह कोटा स्थित एक पान ठेले गया था। बातचीत के दौरान हर्षदीप ने पान ठेले से कैंची उठाकर विवेक पर हमला कर दिया। जान बचाकर भागने पर दूसरे साथी ने विवेक की छाती पर लात मारकर विवेक को घायल कर दिया। घटना के समय दोनों युवक नशे में धुत थे।

### पुलिस बटालियन में रक्तदान और नेत्र शिविर

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर अम्लेश्वर स्थित पुलिस बटालियन में शनिवार को रक्तदान तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन मेघा टेम्भुरकर, सेनानी, 3री वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के निर्देशन में किया गया। बटालियन परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बटालियन के सेनानियों ने 20 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

# दिवंगत पति के खाते की राशि आहरण के एवज में मांगी घूस, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम निपनिया निवासी एक महिला ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की निपनिया शाखा की शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि उसके दिवंगत पति के बैंक खाते में जमा राशि निकालने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए उससे रिश्वत की मांग की गई। शिकायत के समर्थन में कथित लेन-देन से संबंधित एक वीडियो भी प्रशासन को सौंपा गया है। मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने भी संबंधित शाखा प्रबंधक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी के पूर्व पदस्थापना काल में भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। विधायक का यह भी कहना है कि निपनिया क्षेत्र के किसान बैंक की कार्यप्रणाली से काफी परेशान हैं तथा उन्हें विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता खेलन बाई सतनामी ने बताया कि उनके पति स्वर्गीय रूपदास सतनामी का लगभग एक वर्ष पूर्व निधन हो गया था। उनके पति के नाम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की निपनिया शाखा में खाता संचालित था, जिसमें लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये जमा थे। पति के निधन के बाद खाते में जमा राशि प्राप्त करने के लिए वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ बैंक पहुंची थीं।

## सहकारी बैंक प्रबंधक पर रिश्वत लेने का आरोप




### पहले 10 हजार की मांग, फिर 5 हजार में हुआ सौदा

महिला ने आरोप लगाया कि शाखा प्रबंधक अनीता पाण्डेय ने भुगतान प्रक्रिया पूरी करने के एवज में पहले 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायत के अनुसार बाद में यह राशि घटाकर 5 हजार रुपये करने की बात कही गई। महिला का कहना है कि बैंक में जमा राशि प्राप्त करने के लिए उसे रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़िता ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत प्रशासन तक पहुंचने के बाद अब मामले की जांच और संभावित कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी थी तथा संबंधित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एनएच पर हादसे रोकने पुलिस सख्त, ढाबों के सामने पर्याप्त रोशनी रखना अनिवार्य

# सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर होगी कार्रवाई, ढाबा संचालकों को हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में शनिवार को थाना सिमगा परिसर में यातायात पुलिस बल सिमगा द्वारा हाईवे किनारे संचालित ढाबा संचालकों की बैठक आयोजित की गई।शाम 6 बजे आयोजित इस बैठक में यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेश दीवान ने उपस्थित ढाबा संचालकों को नेशनल हाईवे से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि हाईवे पर अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।





### अवैध गतिविधियों पर सख्ती

पुलिस ने चेतावनी दी कि ढाबा परिसरों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों या नशे को बढ़ावा देने की स्थिति में संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाईः बैठक में स्पष्ट किया गया कि समझाइश के बावजूद यदि किसी ढाबे के सामने हाईवे पर अवैध पार्किंग या अतिक्रमण पाया जाता है, तो संबंधित ढाबा संचालक के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने सभी ढाबा संचालकों से रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे को सुरक्षित एवं दुर्घटनामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों ढाबा संचालक, थाना सिमगा का स्टाफ तथा यातायात पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ढाबा संचालकों को दिए गए प्रमुख निर्देश

अवैध अतिक्रमण पर रोकः ढाबा संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नेशनल हाईवे की सीमा अथवा सड़क किनारे किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, अस्थायी शेड या दुकानें स्थापित न करें, क्योंकि इससे सड़क संकरी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देशः ढाबों पर आने वाले ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य वाहनों को हाईवे पर खड़ा करने के बजाय ढाबा परिसर या निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने को कहा गया। पुलिस ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण कई बार गंभीर हादसे हो जाते हैं। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था पर जोरः ढाबा संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि रात्रि के समय हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को दूर से ही खड़े वाहन एवं ढाबे स्पष्ट दिखाई दे सकें।

# दर्रा में निकाली नशामुक्ति रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

पुलिस चौकी गिरौदपुरी द्वारा सामाजिक बुराइयों और नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस चौकी गिरौदपुरी की टीम द्वारा ग्राम दर्रा में स्थानीय महिला कमाण्डो के साथ मिलकर एक भव्य 'नशामुक्ति रैली' का आयोजन किया गया। नशा भगाओ, जीवन बचाओ के नारों से गूंजायमान, महिला कमाण्डो और पुलिस बल के जवानों द्वारा पूरे उत्साह के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गगनभेदी नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। रैली के समापन पर गिरौदपुरी पुलिस स्टाफ द्वारा उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने समझाया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि हंसते-खेलते परिवारों के उजाड़ने और अपराधों के बढ़ने ▸▸ शेष पेज 10 पर

## समाधान सेल की सूचना पर कार्रवाई

# अवैध महुआ शराब बेचते महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले में संचालित समाधान सेल लगातार प्रभावी साबित हो रही है। समाधान सेल हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब की बिक्री में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने 7.5 लीटर कच्ची महुआ शराब की जब्त, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में रविवार को सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने ग्राम डमरू में घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से महुआ शराब बेच रही आरोपी महिला आमबाई विश्वकर्मा (57 वर्ष), निवासी ग्राम डमरू, थाना सिटी कोतवाली को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 7.500 लीटर हाथ भट्टी



निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 1,500 रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### समाधान सेल से मिल रही लगातार सफलता

पुलिस के अनुसार, जिले में शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल के माध्यम से आमजन किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना अथवा आपराधिक गतिविधियों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए दे सकते हैं। इस पहल से न केवल शिकायतों का त्वरित निराकरण हो रहा है, बल्कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ में भी लगातार सफलता मिल रही है।

# मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

- पूछताछ में कबूला चोरी का जुर्म

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सागर वर्मा (25 वर्ष), निवासी ग्राम मिरगी, थाना भाटापारा



ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 जून 2026 की शाम वह अपने रिश्तेदार की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 22 ए ई 2594 से बलौदाबाजार जा रहा था। इस दौरान ग्राम कुकुरदी जाने वाले मार्ग पर लघुशंका ▸▸ शेष पेज 10 पर

### मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 479/2026 के तहत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शर्मा ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 14 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही शंकर यादव बलौदाबाजार स्थित खोरसीनाला एवं मुक्तिधाम के पास बिना नंबर प्लेट की काले रंग की मोटरसाइकिल के साथ मौजूद है।

# खरोरा सहकारी समिति का भवन जर्जर, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खरोरा के अंतर्गत प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति खरोरा पंजीयन क्रमांक 1738 का कार्यालय भवन एवं गोदाम की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गया है। जिससे वहां के कर्मचारी एवं किसानों के ऊपर दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। सहकारी समिति खरोरा भवन का निर्माण लगभग 50 वर्ष पूर्व किया गया था। जिससे भवन काफी जर्जर एवं पुराना हो गया है। एवं छत का छड़ एवं प्लास्टर गिरे जा रहा है एवं बरसात में तो



कार्यालय में घुटना तक पानी भर जाता है। जिससे खाद एवं बीज रखने में काफी परेशानी होती है। हाल ही में खरीफ वर्ष के लिए अल्पकालिक ऋण लिखवाने एवं खाद बीज लेने के लिए सोसाइटी में किसान पहुंच रहे हैं इस जर्जर भवन में चार गांव के ▸▸ शेष पेज 10 पर

## टमाटर 60 तो शिमला मिर्च और धनिया 80 रुपए किलो पार

# हरी सब्जियों के दाम आसमान पर, बिगड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

मंहगाई के मार से जूझ रही जनता पर नित नये सामानों के दामो में वृद्धि आर्थिक स्थिति बिगड़ाने का कार्य कर रही है। इस बार हरी सब्जियों के आसमाने छूते दामों से सामान्य परिवारों के रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान अमेरिका, इजराइल युद्ध का असर भारत देश पर भी पड़ा है। पेट्रोल-डीजल व एलपीजी, सीएनजी की कीमतो में लगातार वृद्धि हो रही है। मंहगाई बढ़ती जा रही है। पेट्रोल डीजल के दामो में वृद्धि का असर परिवहन शुल्क पर पड़ा है। परिवहन



शुल्क बढ़ने से सभी सामानों के दामो में वृद्धि हो गई है।

की वस्तुओं के दाम तो लगातार बढ़ते ही जा रहे है। इसी बीच हरी सब्जियों के भाव चढ़ने से मंहगाई और बढ़ने लगी है।

सब्जियों के दाम खाद्य बाजार में पिछले महीने भर में कई गुणा बढ़े है। सभी सब्जियों में आवश्यक टमाटर की कीमती 60 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गई है। ईडेंस 80 रुपये, बैंगन 40 रुपये, म शिमला मिर्च 80-90 रुपये, अदरक कर 150 से ऊपर, लौकी 20 से 25, बरबट्टी 40 रुपये, धनिया 80 रुपये, परवल 40 रुपये किलो तक बिक रहा है। माह भर में दाम दो गुणा हो गये है। इससे निश्चित रुप से रसोई का बजट बढ़ा है। आम निम्न व मध्यम वर्गीय परिवार पहले से ही मंहगाई से त्रस्त है। उस पर आये दिन सामानों के बढ़ते दामों से परेशानी बढ़ गई है।

### खानपान में कटौती कर बैलेंस करने की मजबूरी

गृहणी कंचन वर्मा पद्मिनी साहू, प्रिया वर्मा, सारिका वर्मा ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से सभी पर पड़ रहा है। वहीं एलपीजी के दाम में वृद्धि व किराना सामान जैसे तेल, दाल, मसाले की कीमते भी बढ़ी है। अब सब्जियों के बढ़ते दाम से बजट तो बिगड़ा है। इसलिए खानपान में कुछ चीजो की कटौती कर बैलेंस करने का प्रयास कर रहे।

# तालाब गहरीकरण की आड़ में मिट्टी का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय नगर पंचायत लवन में कुछ तालाबो को गहरीकरण के नाम पर मिट्टी की अवैध खनन परिवहन कर राजश्व नुकसान पहुंचाने की आरोप खनन माफिया पर नगर पंचायत लवन के प्रतिष्ठित भाजपा नेता व राइस मिल संचालक सर्वेन्द्र साहू ने बताया कि रॉयलटी के आड़ में नगर पंचायत लवन के कुछ खनन माफियाओं के चलते सरकार को राजश्व नुकसान से समझौता करना पड़ रहा है। श्री साहू ने पत्रकारों को बताया कि खनिज विभाग लवन के बूढ़ा तालाब गहरीकरण के लिए रॉयल्टी कितने घन मीटर के लिए जारी किए गए हैं इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं किए गए हैं। इस रॉयल्टी के आड़ में लवन के कुछ मिट्टी के खनन माफिया अंधाधुंध लिमिट से ज्यादा मिट्टी खनन कर लाखों रुपए की राजश्व चोरी कर शासन - प्रशासन को विगत महीने भर से चुना लगाते हुए आ रहा है। इस मामले की जानकारी खनिज विभाग बलौदाबाजार को होने के बावजूद आंख मूंदकर मूकदर्शक बना हुआ है।



## कार्रवाई की मांग

वहीं श्री साहू ने आगे यह बात भी बताया कि मिट्टी खनन माफियाओं को स्थानीय जिम्मेदार नगर पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ, तहसीलदार सभी का सरंक्षण मिल गया है जिसके बदौलत रॉयल्टी के आड़ में निर्धारित सीमा से बाहर मिट्टी का खनन कर लाखों की चपत लगा रहा है। श्री साहू ने बताया कि इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर, राजश्व मंत्री ,नगरीय प्रशासन मंत्री सहित तमाम लोगों से शिकायत कर जांच कार्रवाई की मांग उठाएंगे, कार्रवाई नहीं हीने पर न्यायालय की शरण में मामला ले जाने की बात भी कही। जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक का कहना है कि लवन के बूढ़ा तालाब के लिए रॉयल्टी जारी हुआ है यदि चिन्हित क्षेत्र से बाहर मिट्टी की अवैध खनन परिवहन हो रहा है तो कार्रवाई होगी। नगर पंचायत लवन के वर्तमान सीएमओ योगेश कुमार साहू का कहना है कि कितना घन मीटर खनन होना है इसकी जानकारी मुझे नहीं है नगर पंचायत अध्यक्ष से पूछकर बताऊंगा।



## खबर संक्षेप

### स्वच्छता अभियान जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है : गिरिराज सिंह

**रायपुर।** केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को सुबह कलेक्टोरेट स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान में हिस्सेदारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सिंह ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री सिंह ने इस दौरान स्वच्छता मित्रों का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया और मेडिकल किट प्रदान की। श्री सिंह ने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई जागरुकता और जनआंदोलन का स्वरूप प्राप्त किया है।

### हाईवे पर हेलमेट लगाने का आदेश जल्द देने की मांग, सीएम को पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि डी. रविशंकर अपर परिवहन आयुक्त राज्य शासन के एक जिम्मेदार अधिकारी हैं। उन्होंने राज्य शासन के आदेश पर 27 अप्रैल को हाईवे पर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट लगाने का आदेश सभी समाचार पत्रों को जारी किया था, उसे यथावत रखें, उसकी तौहीन न हो। श्री आहूजा ने बताया कि हमारी समिति ने इस आदेश पर खुशी मनाकर आपको धन्यवाद का पत्र भेजा, परंतु सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन मंत्री केदार कश्यप की मध्यस्थता में हुई, उसमें केवल चालान के आंकड़े पेश किए गए एवं जुर्माने की राशि के आंकड़े पेश किए गए। न तो हेलमेट अनिवार्य करने पर चर्चा की गई या मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में 2023 से 2025 के बीच बीस हजार लोगों की मृत्यु हुई, उस पर भी कोई चर्चा नहीं की गई।

### 1 जुलाई से प्रारंभ होने संबंधी सूचना भ्रामक एवं फर्जी

**रायपुर।** संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र दिनांक 12 जून के अनुसार राज्य की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून, मंगलवार से प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित की जा रही यह सूचना कि शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ होगा, पूर्णतः असत्य, भ्रामक तथ्यों से परे एवं फर्जी है।

## सीमांकन कर चारों ओर मेढ़ बनाकर भूमि की गई सुरक्षित. वर्षों पुराने अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

# शासकीय महाविद्यालय की 18 एकड़ भूमि से हटाया अतिक्रमण, बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव स्थित शासकीय नयन दास महिलांगे महाविद्यालय की लगभग 18 एकड़ शासकीय भूमि से प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वर्षों से महाविद्यालय की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया और भूमि का सीमांकन कर चारों ओर मेढ़ बनाकर सुरक्षित किया गया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 1989 से संचालित शासकीय नयन दास महिलांगे महाविद्यालय के भवन एवं भविष्य के विस्तार कार्यों के लिए शासन द्वारा 18 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। समय के साथ इस भूमि पर कुछ लोगों ने खेत और मकान बनाकर कब्जा कर लिया था। महाविद्यालय प्रबंधन और जनभागीदारी समिति द्वारा कई वर्षों से अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से कब्जा हटाने की समझाइश दी जा रही थी, लेकिन हर वर्ष भूमि पर खेती की जा रही थी।

### बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष तुलसीराम आदित्य, समिति सदस्यों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एस.के. शुक्ला ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री तथा उच्च शिक्षा मंत्री से महाविद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए स्थायी बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद परिसर अतिक्रमण मुक्त हुआ है। यदि शीघ्र ही चारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया तो भविष्य में दोबारा अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहेगी।



### कई लोगों का रहा विशेष सहयोग

अतिक्रमण हटाने और सीमांकन कार्य में दमदमा किसान एवं विकास समिति के अध्यक्ष ढोलाराम सायतोड़े, बद्री साहू, संतोष साहू, जीवराखन आदित्य, विनोद आदित्य, मुकुंद आदित्य, काशीराम आदित्य, दुकालूराम, करमलाल आदित्य, कैलाश शर्मा सहित भाजपा मंडल भटगांव के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

### जनभागीदारी समिति के संकल्प के बाद हुई कार्रवाई

महाविद्यालय जनभागीदारी विकास समिति द्वारा अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद भूमि का सीमांकन कराया गया। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ को कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर 11 जून से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। प्रबंधन के अनुसार कार्रवाई के दौरान किसी भी अतिक्रमणकर्ता द्वारा विरोध नहीं किया गया और शांतिपूर्ण ढंग से अवैध कब्जे हटाए गए।

### असामाजिक गतिविधियों से भी जूझ रहा परिसर

महाविद्यालय परिसर गांव और आबादी क्षेत्र से दूर स्थित है तथा इसके समीप देशी-विदेशी मदिरा दुकान संचालित है। प्रबंधन का कहना है कि सुबह से देर शाम तक असामाजिक तत्व परिसर में बैठकर शराब सेवन करते हैं और वहीं शराब की बोतलें फोड़कर गंदगी फैलाते हैं। इससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। कई बार टूटे कांच से चोट लगने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

# उचित मूल्य की दुकानों में अब ओटीपी से नहीं मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अब सभी उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन में बॉयोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से ही खाद्यान्न का वितरण करना है। मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से होने वाले वितरण पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके बाद भी 60 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष से कम उम्र के हितग्राही या नॉमिनी का बॉयोमेट्रिक प्रणाली काम नहीं कर रहा है तथा खाद्यान्न से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे ही हितग्राही को ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न दिया जाए, लेकिन ऐसे हितग्राहियों के नाम की लिस्ट भी विभाग को देनी होगी, ताकि उसका निराकरण किया जा सके।

**हितग्राहियों से की बातचीत:** दुकान का निरीक्षण के दौरान डा. आलम ने दुकान में खाद्यान्न लेने पहुंचे कई हितग्राहियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से पूछा कि खाद्यान्न लेते समय किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है। हितग्राहियों ने उन्हें बताया कि बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से आसानी से खाद्यान्न मिल जाता है। डा. आलम ने देवेंद्रनगर के बाद मोवा स्थित उचित मूल्य दुकान भी पहुंची। यहां भी उन्होंने दुकान में पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या, खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत सहित अन्य जानकारी भी ली।



### दुकानदारों को बैठक में निर्देश

जिला खाद्य नियंत्रक ने सभी राशन दुकानों के संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सभी दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि ओटीपी से कोई भी खाद्यान्न का वितरण नहीं करेगा। अगर किसी बुजुर्ग या बच्चे का फिंगर काम नहीं कर रहा हैं, तो निरीक्षक से संपर्क कर इसकी जानकारी दें तथा अनुमति लेकर ही उन्हें ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण करें।

### दुकानों के निरीक्षण के दौरान संचालक ने खरीदा चावल

खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की संचालक फरिहा आलम सिद्धीकी ने राजधानी रायपुर की कुछ उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर संचालक नीलम एल्मा, जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा भी थे। डा. फरिहा आलम ने देवेंद्रनगर में संचालित उचित मूल्य की दुकान में सबसे पहले पहुंची। यहां कई हितग्राही ई-पॉस मशीन से बॉयोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से चावल ले रहे थे। उन्होंने इस प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इस प्रक्रिया को और बारिक से समझने के लिए स्वयं के राशन कार्ड से बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से 20 किलो एपीएल कोटे का चावल खरीदा। चावल के बदले उन्होंने निर्धारित रुपए भी दुकानदार को दिए।

# सीएम साय ने मोदी की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल के ये वर्ष भारत के नव-निर्माण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण और वैश्विक पटल पर देश का मान बढ़ाने वाले रहे हैं। इस दौरान देश के हर वर्ग, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए दूरदर्शी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ आज सीधे जनता तक पहुंच रहा है। श्री साय ने कहा, यह प्रदर्शनी श्री मोदी के विजन और देश के विकास की उस गौरवशाली यात्रा को जीवंत रूप में प्रदर्शित करती है, जिसने भारत को एक नई दिशा दी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदर्शनी के प्रदेश प्रभारी उज्जवल दीपक एवं मितुल कोठारी, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, बेदराम जांगड़े, रायपुर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग, सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## राहुल गांधी ने दी कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में आने की स्वीकृति

**रायपुर।** संगठन सृजन अभियान के माध्यम से नियुक्त किए गए छत्तीसगढ़ के सभी जिला/शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की 21 से 30 जून तक श्रीअशुतोष अलका अग्रवाल मंगल भवन, अभनपुर में 10 दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी सहमति दे दी है। वे किसी एक दिन उपस्थित होकर जिलाध्यक्षों को मार्गदर्शन देंगे। एआईसीसी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसका पत्र पीसीसी को भेजा है। उन्होंने सभी जिला/शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों को इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित करते हुए कहा है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुरोध किया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे।

**एआईसीसी सचिव रहेंगे उपस्थित :** उन्होंने सभी एआईसीसी सचिवों से कहा है कि वे पूरे 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहें। साथ ही, एआईसीसी महासचिव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता से कहा हे कि अधिक समय शिविर में विताएँ तथा कम से कम 5 दिनों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# सीएम का गृह जिला जशपुर अब रेल मार्ग से जुड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जशपुर जिले के विकास के इतिहास में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गृह जिला जशपुर भी अब रेल लाइन से जुड़ेगा। रेल मंत्रालय द्वारा धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब जशपुर को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास की नई आधारशिला है।

लगभग 291.881 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी रेल लाइन रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से प्रारंभ होकर जशपुर जिले के पत्थलगांव होते हुए झारखंड के लोहरदगा तक पहुंचेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से जशपुर जिला सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा और क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी। वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही रेल संपर्क की मांग अब साकार होने की दिशा में निर्णायक चरण में पहुंच गई है। रेल मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत सार्वजनिक हित और राष्ट्रीय अवसंरचना विकास को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही परियोजना औपचारिक रूप से प्रभावशील हो गई है।

- धरमजयगढ़ पत्थलगांव लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने किया अधिसूचित

## पेज 9 के शेष

### दर्रा में निकाली...

का भी मुख्य कारण है। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों को जीवन में कभी नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति सचेत करने की समझाईश दी गई। इस पूरे आयोजन में ग्राम दर्रा की महिला कमाण्डो की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। चौकी प्रभारी गिरौदपुरी के मार्गदर्शन में महिलाओं ने जिस एकजुटता के साथ इस सामाजिक अभियान का नेतृत्व किया, वह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस और जनता के इस बढ़ते तालमेल की स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने खुले दिल से प्रशंसा की है। अभियान के दौरान पुलिस चौकी गिरौदपुरी का स्टाफ, ग्राम दर्रा की महिला कमाण्डो की टीम उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल चोरी का...

के लिए रुकने पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने कुकुरदी मोड़ के पास से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लेट वाली काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की। इंजन एवं चेसिस नंबर के मिलान के बाद उक्त वाहन प्रार्थी की होना पुष्ट हुआ।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल काले रंग की, बिना नंबर प्लेट। गिरफ्तार आरोपी शंकर यादव, पिता बरातूराम यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी सिविल लाइन, षष्ठी मंदिर के पास, बलौदाबाजार, थाना सिटी कोतवाली।

### खरोरा सहकारी समिति ...

सैकड़ो किसान का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही समिति कर्मचारियों भी जान जोखिम में डालकर कार्य करने मजबूर हैं कभी भी छत का प्लास्टर टूटकर गिरने की आशंका बनी रहती है। बारिश में छत से पानी टपकता है। और दीवारों का प्लास्टर गिर रहा है। इस भवन को देखकर किसानों में भी चर्चा का विषय बना रहता है, कि यह भवन कब बनेगा। इस संबंध में सरकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश शर्मा ने सहकारिता विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र कार्यालय भवन एवं निर्माण करने की मांग समय-समय पर की है। लेकिन अभी तक इस संबंध में आश्वासन ही मिला है भवन नहीं। किसानों में नए भवन के पर निर्माण कार्य नहीं होने से आक्रोश व्यक्त किया है। इस सहकारी समिति में खरोरा, केसला, बरडीह, एवं सिर्री के सैकड़ो किसान इस पर निर्भर रहते हैं। शिकायत के बाद भी प्रबंधन समिति व विभागीय अधिकारी की उदासिनता के वजह से किसानों में काफी रोष व्याप्त है। इस संबंध में सरकारी समिति खरोरा के समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों का कहना है कि जर्जर भवन के निर्माण के लिए अनेकों बार प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को दिया जा चुका है। इस संबंध मे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खरोरा के प्रबंधक भरत साहू से संपर्क करने पर कहा कि समिति के जर्जर भवन एवं गोदाम निर्माण के प्रस्ताव को अपने विभाग के उच्च अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है एवं जर्जर भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर
श्री नवीन अग्रवाल जी
जून 15
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट से तीन लैपटॉप गायब, अपराध दर्ज

**रायपुर**। गंज थाने में एक ट्रांसपोर्टर के खिलाफ एक इलेक्ट्रिक दुकान के संचालक ने अमानत में खयानत की शिकायत दर्ज कराई है। अविनाश माखीजा ने मेहताब सिंह के गैरेज में धमतरी के लिए तीन लैपटॉप बुक कराए थे, संबंधित ठिकाने पर तय समय पर लैपटॉप नहीं पहुंचने पर कारोबारी ने गैरेज संचालक से संपर्क किया तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद कारोबारी ने गैरेज संचालक के खिलाफ अमानत में खयानत की थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### भद्रावती जैन मंदिर के ट्रस्ट मंडल में शिवराज हुए शामिल

**रायपुर**। महाराष्ट्र चंद्रपुर जिले में स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक जैन तीर्थस्थल भद्रावती तीर्थ के ट्रस्ट मंडल में रायपुर के शिवराज (हप्पू बैद) को शामिल किया गया है। भद्रावती तीर्थ 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है और अपनी आकर्षक वास्तुकला व



शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मुख्य रूप से मूलनायक की मूर्ति काले पत्थर (श्याम पाषाण) की लगभग 2,400 वर्ष प्राचीन और 6 फीट ऊंची फणायुक्त प्रतिमा विराजमान है। यह तीर्थ 1000 साल से भी ज्यादा पुराना है, जहां प्रतिदिन हजारों जैन भक्त दर्शनार्थ आते है, छत्तीसगढ़ से हप्पू बैद का ट्रस्टी बनाना निश्चित ही जैन समाज के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि हप्पू बैद छत्तीसगढ़ जैन समाज का जाना पहचाना नाम है। और इनके ट्रस्टी बनाने से तीर्थ निरंतर प्रगति करेगा।

### छन्नु लाल को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर**। कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा छन्नु लाल बंजारे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध का विषय 'उच्तर माध्यमिक



विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों में आत्म-जागरूकता, आत्मसम्मान और दृढ़ता पर अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य शिक्षाविद डॉ. यशपाल सिंह के मार्गदर्शन मे पूर्ण किया। उनके इस शोधकार्य को शिक्षा के क्षेत्र में बेहद महत्व और प्राथमिक माना गया है, जो स्कूली छात्रों के मानसिक व सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। पूर्व में व्याख्याता छन्नु लाल बंजारे को कलिंगा विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि राष्ट्रपति व राज्यपाल से भी मिल चुकी है।

### ममहामाया मंदिर में हवन पूजन 18 को

**रायपुर**। पुरानी बस्ती स्थित श्री राजजेश्वरी महामाया मातेश्वरी मंदिर में 18 जून को दोपहर 2 बजे हवन पूजन का कार्यकम रखा गया है। साथ ही शाम 6 बजे जसगीत का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। यह जानकारी महामाया सेवा समिति ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम समापन के बाद भंडारा का भी आयोजन रख गया है।

## निधन

### राजकुमार सेन

**बलौदाबाजार**। जिला मुख्यालय के लवन रोड स्थित किसान राइस मिल कॉम्प्लेक्स में संचालित प्रतिष्ठित संस्थान आर के बैटरी वर्क्स के संचालक राजकुमार सेन का रविवार को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, मित्रगण, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के अध्यक्ष प्रवीण सेन के पिता थे। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की है।

---

**कार्यशाला : लवन कालेज में त्रिदिवसीय वेटलैंड संरक्षण कार्यशाला का आयोजन**

# छात्र- छात्राओं ने सीखी आर्द्रभूमि संरक्षण की वैज्ञानिक तकनीकें, वेटलैंड हेल्थ कार्ड निर्माण का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वनमंडल द्वारा शासकीय महाविद्यालय लवन में त्रिदिवसीय वेटलैंड संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. भट्ट के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं एवं युवा स्वयंसेवकों ने पारिस्थितिकी तंत्र में आर्द्रभूमियों के महत्व को समझा। विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से वेटलैंड हेल्थ कार्ड निर्माण से जुड़े आवश्यक घटकों के आकलन में सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने जिले में संचालित वेटलैंड संरक्षण गतिविधियों की जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि वनमंडल स्तर पर विभिन्न आर्द्रभूमियों की पहचान, दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके लिए ग्राउंड टुथिंग और फील्ड सर्वे जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उपयोग किया जा रहा है, जिनके माध्यम से वेटलैंड्स की वर्तमान स्थिति, जैव विविधता और संरक्षण की आवश्यकता का आकलन किया जाता है।

### मैदान में उतरकर किया वैज्ञानिक परीक्षण

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों को केवल कक्षाओं में जानकारी देने के बजाय स्वयं परीक्षण करने का अवसर प्रदान किया गया। वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए उपकरणों एवं रसायनों की सहायता से छात्र-छात्राएं वेटलैंड्स की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। इसके तहत जल के भौतिक एवं रासायनिक गुणों का अध्ययन करने के साथ-साथ वनस्पतियों, पक्षियों, कीटों एवं अन्य जीवों का सर्वेक्षण भी किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार की अनुभवात्मक शिक्षा विद्यार्थियों को पर्यावरण विज्ञान की व्यवहारिक समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

### व्यावहारिक प्रशिक्षण पर रहा विशेष जोर

कार्यशाला में विद्यार्थियों को वेटलैंड्स की पहचान, संरक्षण एवं वैज्ञानिक परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। यह प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर उपयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों एवं वैज्ञानिक तकनीकों का भी प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया।



### विद्यार्थियों ने जाना वेटलैंड हेल्थ कार्ड का महत्व

कार्यशाला के दौरान सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा ने विद्यार्थियों को वेटलैंड हेल्थ कार्ड की अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि किसी वेटलैंड की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन करने के लिए हेल्थ कार्ड तैयार किया जाता है। इसमें जल गुणवत्ता, जैव विविधता, वनस्पति की स्थिति, रासायनिक गुण, जीव-जंतुओं की उपस्थिति तथा अन्य पर्यावरणीय संकेतकों का विश्लेषण शामिल होता है।

### कानूनी प्रावधानों की भी दी गई जानकारी

कार्यशाला में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक एसीएफ गुलशन कुमार साहू ने वेटलैंड्स से जुड़े कानूनी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए विभिन्न नियम एवं नीतियां लागू हैं, जिनका उद्देश्य वेटलैंड्स को अतिक्रमण, प्रदूषण और अवैध दोहन से बचाना है। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही वेटलैंड संरक्षण के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकता है।

### डीजीपीएस तकनीक की जानकारी ने बढ़ाई उत्सुकता

तकनीकी सत्र के दौरान विद्यार्थियों को डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) की कार्यप्रणाली और उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि सामान्य जीपीएस की तुलना में डीजीपीएस अधिक सटीक भौगोलिक आंकड़े उपलब्ध कराता है। इसका उपयोग प्राकृतिक संसाधनों के मानचित्रण, भूमि सर्वेक्षण तथा पर्यावरणीय अध्ययनों में किया जाता है। वेटलैंड्स के सही स्थान, क्षेत्रफल और सीमाओं के निर्धारण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### वेटलैंड्स हैं जैव विविधता और जल सुरक्षा का आधार

कार्यक्रम में शामिल सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. आर.के. सिंह ने कहा कि वेटलैंड्स केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि हजारों जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में जल संकट और जैव विविधता के क्षरण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि अर्थशास्त्री दिनेश कुमार मारोठिया ने अपने व्याख्यान में बताया कि वेटलैंड्स का महत्व पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि उत्पादन, जल सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी इन पर काफी हद तक निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण देशभर में आर्द्रभूमियों का क्षेत्रफल लगातार घट रहा है, ऐसे में इनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।

---

# सामाजिक एकता और शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ धीवर (ढीमर) समाज खरोरा-खौली परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर भवन, बाजार चौक खरोरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं माता सीता की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना के साथ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि धीवर समाज का भारतीय संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग में केवट समाज की सेवा, समर्पण और श्रद्धा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



### शिक्षा, संगठन और संस्कारों के संरक्षण से बदलेगी समाज की तकदीर

उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक अधिवेशन समाज को संगठित करने, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने तथा शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन और संस्कारों के संरक्षण से ही संभव है। सामाजिक एकजुटता के साथ विकास के मुद्दों पर सार्थक चर्चा समाज को नई दिशा प्रदान करती है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर अवसरों का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, छत्तीसगढ़ मछुआरा कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष लखनलाल धीवर, धीवर समाज के संरक्षक नेतराम धीवर, समाज अध्यक्ष सोहन धीवर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

# राजधानी में करना होगा मानसून का लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उमसभरी गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना कम ही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में व्यापक बारिश का सिस्टम ही नहीं बन पा रहा है। इसीलिए वर्ष 2023 की तरह रायपुर में मानसूनी बरसात के लिए 22-23 जून तक इंतजार करना पड़ सकता है। मानसून द्रोणिका पिछले दो दिन से छत्तीसगढ़ की सीमा पर अटकी हुई है और बस्तर के लोग भी जोरदार बरसात की राह ताक रहे हैं।

- बार्डर पर दो दिन से अटकी मानसून द्रोणिका, बस्तर भी देख रहा मानसून की

मानसून के आगमन पर मौसम विभाग भी सटीक अनुमान नहीं लगा पा रहा है। पिछले कई दिनों से उसकी अनुमानित तारीख से दो से तीन दिन आगे खिसकती जा रही है। काफी इंतजार के बाद मानसून द्रोणिका ओडिशा होकर छत्तीसगढ़ की सीमा पर पहुंची थी। इसके बाद दो दिन से उस पर ब्रेक लग गया, क्योंकि उसे आगे बढ़ाने के लिए बस्तर में बारिश ही नहीं हुई। राजधानी रायपुर का इंतजार अभी और लंबा चलने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के नाम पर अभी द्रोणिका ही मौजूद है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में वातावरण है, मगर यह पानी गिराने वाला सिस्टम मौजूद नहीं है। राजधानी रायपुर में पिछले छह साल मानसून आगमन की अनुमानित तारीख को 13 से बढ़ाकर 16 जून किया गया है। इस अवधि में वर्ष 2023 में यहां 22 जून को मानसूनी गतिविधि ने अपना प्रभाव दिखाया था। इस बार भी मानसून की बारिश 22-23 के आसपास ही बरसने की संभावना है।

# हीरातारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह 80 मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शिक्षा एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर शनिवार को हीरातारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 80 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित
- शिक्षा से जीवन की दिशा और दशा दोनों बदलाव संभव : शर्मा

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की



उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है।

आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी आने वाले समय में समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। अध्यक्षता कर रहे विद्याभूषण शुक्ला ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने वाले विद्यार्थी ही बड़ी सफलताएं प्राप्त करते हैं। सम्मान केवल उपलब्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि भविष्य में और बेहतर करने की जिम्मेदारी भी है।

विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज का नाम रोशन करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि नगर से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सम्मानित होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह दर्शाता है कि हमारे बच्चे प्रतिभा और क्षमता में किसी से कम नहीं हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और बेहतर समाज निर्माण का आधार है। विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ऋषि साहू ने किया।

### विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलेगी प्रेरणा

कार्यक्रम के आयोजक एवं नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू ने समारोह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हीरा तारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। जब समाज अपने मेधावी बच्चों की उपलब्धियों का सम्मान करता है, तब अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### 12 वीं टॉपर जिज्ञासु का भी सम्मान

समारोह में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं परीक्षा के प्रदेश टॉपर जिज्ञासु वर्मा का सम्मान किया गया। जिज्ञासु वर्मा ने अपनी असाधारण उपलब्धि से न केवल पलारी बल्कि पूरे जिले और प्रदेश में नगर का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रवि बंजारे जिला पंचायत सदस्य, नरेश वर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,जगजीवन जोशी बीआरसी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर पार्षदगण लेखु वर्मा,डोमार सिंह वर्मा,नेमसिंग बाँधे, रवि ध्रुव, नारायण धीवर,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हर्षु वर्मा,पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धिरहे, पुनीत निषाद, बृजमोहन साहू, साधराम साहू, पुनीत रजक, संतोष वर्मा, शिवम मिश्रा अंकित जोशी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं पालकगण उपस्थित रहे।

---

**देश के विभिन्न सैन्य क्षेत्रों में दी सेवाएं**

# भारतीय थल सेना से सेवानिवृत हेमनलाल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत भद्रापाली में शनिवार को भारतीय थल सेना में 24 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए हवलदार हेमनलाल वर्मा का भद्रापाली आगमन पर ग्रामवासियो ने भव्य स्वागत किया। सेवानिवृत हवलदार हेमनलाल वर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल 2002 को भारतीय थल सेना के इलेक्ट्रानिक और मैकेनिकल इंजीनियर ई.एम.ई कोर में सैनिक के रूप में नियुक्त होकर राष्ट्र सेवा का गौरवपूर्ण दायित्व संभाला। ई.एम.ई सेंटर सिकंदराबाद में कठोर सैन्य एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अम्बाला कैट हरियाणा,दिमापुर नागालैंड,





सिकंदराबाद आंध्र प्रदेश, जालंधर पंजाब, उधमपुर जम्मू-कश्मीर, भरतपुर, जयपुर, ग्वालियर तथा मेरठ केट सहित देश के विभिन्न महत्वपूर्ण सैन्य स्थानो में अपनी सेवाए प्रदान की।

इस 24 वर्ष की दीर्घ एवं सेवा उपरांत गौ रवशाली सैन्य यात्रा पुर्ण कर 30 अप्रैल 2026 को भारतीय सेना से सम्मानपुर्वक सेवानिवृत हुये।

सेवानिवृत हवलदार हेमनलाल वर्मा का शनिवार को भाटापारा रेलवे स्टेशन में सपरिवार एवं परिजनो ने पहुचकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और ग्राम भद्रापाली आगमन पर समस्त ग्रामवासियो एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा भव्य स्वागत करते हुये गाव में बैंड बाजे के साथ गलियो का भ्रमण के साथ ही भारत माता की जय व जय जवान के नारे लगाये गये। जगह जगह पर स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच देवप्रकाश वर्मा,उपसरपंच दौलेश्वर वर्मा, नूतन वर्मा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्देशों का मुस्लिम जमात ने किया स्वागत

**सिमगा**। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्देश का सिमगा मुस्लिम जमात ने किया स्वागत। शांतिपूर्ण एवं इस्लामिक परंपराओं के अनुरूप आयोजनों का लिया संकल्प। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड द्वारा प्रदेश के मुस्लिम समाज को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जारी किए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का सिमगा मुस्लिम जमात ने स्वागत किया है। वक्फ बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि किसी भी सामाजिक अथवा धार्मिक कार्यक्रम में अत्यधिक ध्वनि से संबंधित उपकरणों का उपयोग न किया जाए तथा सभी आयोजन इस्लामिक परंपराओं, शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ संपन्न किए जाए।वक्फ बोर्ड के इस निर्देश को समाज में सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। सिमगा मुस्लिम जमात के मुतवाली पीर खान गौरी एवं समाजसेवी नूर अली ने जमात के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग वक्फ बोर्ड के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन करें तथा ऐसे किसी भी कार्य से बचें जिससे समाज या प्रशासन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन, भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। इसलिए सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी इन्हीं मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आयोजनों में सादगी संयम और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दें तथा समाज की सकारात्मक छवि को और अधिक मजबूत बनाएं। इस अवसर पर जमात के सदस्यों ने भी एक स्वर में वक्फ बोर्ड के निर्देशों का समर्थन किया और भरोसा दिलाया कि भविष्य में सभी कार्यक्रम इस्लामिक रीति-रिवाजों एवं परंपराओं के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए।